संपादकीय

संकट के विरुद्ध

भारत ने जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनिया से जो वादा किया, उसे निभाया भी है। इसी का नतीजा है कि इस वर्ष के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई) में पहली बार वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले दस देशों की सूची में शामिल हुआ है। इस सूची में पिछले साल भारत का मुकाम 11वां था, जो इस बार नौवां निकला है। हालांकि संतोष के लिए कोई जगह नहीं है। आदर्श स्थिति से अब भी हम बहुत दूर हैं। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में कॉप-25 जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में मंगलवार को जारी सीसीपीआई रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग का मौजूदा स्तर 'उच्च श्रेणी' में नौवें स्थान पर है। इस अच्छी रेटिंग के बावजूद विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को जीवाश्म ईंधन पर दी जा रही सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से कम करने की रूपरेखा बनानी होगी ताकि कोयले पर देश की निर्भरता कम हो सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि 57 उच्च उत्सर्जन वाले देशों में से 31 के उत्सर्जन स्तर में कमी के रुझान दर्ज किए गए हैं। ये देश 90 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं।

अमेरिका की जगह इस सूचकांक में सबसे खराब प्रदर्शन वाले देशों में है। अच्छे प्रदर्शन की दृष्टि से स्वीडन चौथे और डेनमार्क पांचवें स्थान पर है, जबकि पहले तीन स्थान खाली रखे गए हैं। इसका संदेश यह है कि दुनिया अभी भी निर्धारित लक्ष्य से बहुत दूर है। दुनिया में सबसे ज्यादा उत्सर्जन करने वाले चीन ने सूचकांक में अपनी रैंकिंग थोड़ी सुधारते हुए पिछले साल के 33वें के मुकाबले 30वां स्थान हासिल किया है। इससे एक बात तो तय है कि अमेरिका जैसे कुछेक अपवादों को छोड़कर सभी देश जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित हैं और सबने अपने-अपने स्तर पर कुछ न कुछ प्रयास जरूर किए हैं। पर दुनिया का आम नजरिया यही लगता है कि जब हालत बिगड़ेगी तो देखी जाएगी।

यह रवैया कहीं महंगा न पड़ जाए। दरअसल यह संकट हमारी सोच से कहीं ज्यादा भयावह है और यह बिल्कुल हमारे सिर पर आ चुका है। कुछ महीने पहले ब्रिटेन के एक प्रमुख अंग्रेजी अखबार ने कहा कि वह 'जलवायु परिवर्तन' के लिए कोई अलग शब्द इस्तेमाल करेगा ताकि इसकी भयावहता का अहसास हो। इसका नया नाम जलवायु आपातकाल, जलवायु संकट या किसी दुर्घटना और बाधा के कारण व्यवस्था का बैठ जाना, यानी ब्रेकडाउन हो सकता है। बहरहाल, हम इस बात पर संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि भारतीय प्रयासों को विश्व स्तर पर सराहना मिली है। कॉप-25 सम्मेलन में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भारत के कदमों की चर्चा भी की, हालांकि अभी बहुत कुछ करना है। विश्व स्तर पर अपनी पहलकदमी जारी रखते हुए हमें अपने समूचे ऊर्जा क्षेत्र को कार्बन रहित बनाने की ओर बढ़ना चाहिए। इसके साथ ही मौसमों की अंधेरगर्दी से बचाव के लिए हमें अपने सुरक्षा जाल को भी मजबूत बनाना होगा।

अब बिना डॉक्यूमेंट बनवा सकते हैं आधार, यूआईडीएआई ने जारी किए नए नियम

नईदिल्ली (आरएनएस)। आधार कार्ड आज के समय में एक महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट बन गया है, हर जगह इसकी जरूरत पड़ रही है। कई बार आधार कार्ड के बिना काम रुक जाता है। यह खबर उन लोगों के लिए है जिनको आधार कार्ड बनाने के लिए उनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने एक स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट जारी किया है। आवेदक इन्हें सांसद, विधायक जैसे पदाधिकारियों से ले सकते हैं। इन सर्टिफिकेट में स्टैंडर्ड फॉर्मेट में आवेदक को जानकारी देनी होगी।

एक सर्कुलर के अनुसार विभिन्न पदाधिकारियों से सर्टिफिकेट पाने के लिए कोई स्टैंडर्ड फॉर्मेट नहीं था। जिन लोगों के पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें इसके चलते समस्याएं हो रही थीं। इसे देखते हुए सर्टिफिकेट का स्टैंडर्ड फॉर्मेट बनाया गया है। इन्हें सांसद, विधायक या गजेटेड ऑफिसर या तहसीलदार या शिक्षण संस्थान के प्रमुख या पार्षद या प्रधान से लिया जा सकता है। लोगों की दिक्कतों को देखते हुए इस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट को लाने का फैसला किया गया है। इसका नाम सर्टिफिकेट फॉर आधार एनरोलमेंट/अपडेट है।

सर्टिफिकेट जारी होने की तारीख से यह केवल तीन महीने के लिए मान्य है। कोई व्यक्ति तीन तरीकों से आधार के लिए आवेदन कर सकता है। दस्तावेजों के जरिये, परिवार के मुखिया के माध्यम से और इंट्रोड्यूसर के जरिये। दस्तावेज नहीं होने पर व्यक्ति को पहचान, पते और जन्म का प्रमाण एक सर्टिफिकेट में देना पड़ता है। यह सर्टिफिकेट पदाधिकारी जारी करते हैं। हालांकि, स्टैंडर्ड फॉर्मेट के अभाव में लोग समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि आवश्यक सर्टिफिकेट में क्या डिटेल दी जाए।

एचपी ने लॉन्च किया 22 घंटे बैटरी बैकअप वाला लैपटॉप

नईदिल्ली (आरएनएस)। कंप्यूटर व प्रिंटर निर्माता दिग्गज कंपनी एचपी इंक ने गुरुवार को भारत में तकनीक के जानकार व इसमें रुचि रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए दुनिया का सबसे छोटा कन्वर्टिबल स्पेक्टर एक्स360-13 लैपटॉप लॉन्च कर दिया है। इस लैपटॉप में चाड-कोर 10वीं जनरेशन इंटेल चिप मिलेगी। वहीं इसमें 22 घंटे तक चलने वाली बैटरी होगी, जो बेहतर बैकअप प्रदान करेगी। इसमें 90 फीसदी स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात की सुविधा रहेगी। कंपनी ने इस डिवाइस की कीमत 99,990 रुपए रखी है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसका वजन महज 1.27 किलो होगा। इसमें अल्ट्रा-स्लिम एचपी डिवाइस चाड-कोर 13-इंच

कन्वर्टिबल, एचपी वेबकैम किल स्विच, डेडिकेटेड म्यूट माइक की और वैकल्पिक एचपी श्योर व्यू डिस्पले भी मिलेगा।

भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के लिए एचपी इंक में प्रबंध निदेशक विनय अवस्थी ने कहा, हम एचपी में सुधार करने के लिए नवाचार की पद्धति अपनाते हैं और हम फिर से मजबूत भी होते हैं, क्योंकि हम उत्कृष्टता के प्रतिमानों को आगे रखना चाहते हैं। नया एचपी स्पेक्टर एक्स360-13 हमारे प्रयासों का परिणाम है जो कंप्यूटर उद्योग में डिजाइन और प्रदर्शन के नए बेंचमार्क स्थापित करेगा।

वैश्विक संकेतों से शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 250 अंक से अधिक की तेजी

मुंबई (आरएनएस)। अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता से संबंधित सकारात्मक खबरों तथा ब्रिटेन के आम चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी की संभावित जीत से वैश्विक स्तर पर अनुकूल माहौल रहा। इसके कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 250 अंक से अधिक की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 244.04 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,825.75 अंक पर चल रहा था। एक समय इसने 284 अंक की बढ़त बना ली थी। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 66.20 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,038 अंक पर चल रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 3.78 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ ही वेदांता, येस बैंक, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी तेजी में चल रही थीं। इनसे इतर भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक, बजाज ऑटो और सन फार्मा गिरावट में चल रही थीं। बुधवार को सेंसेक्स 169.14 अंक तथा निफ्टी 61.65 अंक की तेजी में रहा था।

रिलायंस की इकाई ने एस्टेरिया एरोस्पेस में 51.78 प्रतिशत हिस्सेदारी 23 करोड़ रुपये में खरीदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स (आरएसबीवीएल) ने एस्टेरिया एरोस्पेस में 51.78 प्रतिशत हिस्सेदारी का 23.12 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, ''आरएसबीवीएल ने एस्टेरिया एरोस्पेस के शेयरों का 23,12,49,584 रुपये नकद में अधिग्रहण किया है। यह एस्टेरिया की इक्विटी शेयर पूंजी का 51.78 प्रतिशत है।'' कंपनी ने कहा कि इस निवेश से समूह की उभरती प्रौद्योगिकी क्षेत्र में पहल और मजबूत हो सकेगी। यदि एस्टेरिया की सहमति वाले लक्ष्य को हासिल कर लेती है तो आरएसबीवीएल उसमें 125 करोड़ रुपये का और निवेश करेगी।

आईपीएल में 2 करोड़ के ब्रैकेट में सभी विदेशी, 1.5 करोड़ के ब्रैकेट में अकेले रॉबिन उथप्पा को मिली जगह

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 के आगामी सत्र में कुल 332 खिलाड़ी नीलामी में भाग्य आज़माएंगे जिसमें दो करोड़ रूपये के अधिकतम बेस प्राइस में जहां सभी विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिली है, वहीं इसके बाद 1.5 करोड़ रूपये के दूसरे ब्रैकेट में रॉबिन उथप्पा अकेले भारतीय हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में इसकी जानकारी दी। अगले वर्ष आईपीएल-2020 के लिये

नीलामी कोलकाता में 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। आईपीएल नीलामी के लिए शुरूआत में पंजीकृत खिलाड़ियों की संख्या 971 थी जिसे आठ फ्रेंचाइजियों की अंतिम सूची के बाद घटाकर 332 कर दिया गया है। कोलकाता में होने वाली नीलामी में कुल 186 भारतीय खिलाड़ी, 143 विदेशी खिलाड़ी और तीन एसोसिएट राष्ट्र के खिलाड़ी शामिल हैं।

कैप्ड खिलाड़ियों में दो करोड़ रूपये के उच्चतम ब्रैकेट में शामिल सभी सात खिलाड़ी विदेशी हैं जिनमें ग्लेन मैक्सवेल, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, डेल स्टेन और एंजेलो मैथ्यूज हैं। भारतीयों में उथप्पा ने अपना आधार मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये रखा है और वह दूसरे 1.5 करोड़ रूपये के ब्रैकेट में शामिल कुल 10 खिलाड़ियों में अकेले भारतीय हैं।

व्यापार समझौते के करीब पहुंचे अमेरिका, चीन

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका और चीन 17 महीने से जारी व्यापार युद्ध को और आगे नहीं खींचने पर सहमत हो गये हैं। दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। अमेरिका के उद्योग संगठन यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख (अंतरराष्ट्रीय मामले) मायरन ब्रिलियेंट ने कहा, ''हम समझौते के बेहद करीब हैं।'' ब्रिलियेंट को दोनों पक्षों ने वार्ता में हुई प्रगति से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार चीन के 160 अरब डॉलर के सामानों पर रविवार से लगने जा रहे शुल्क को टालने पर सहमत हो गयी है। ट्रंप सरकार इसके साथ ही मौजूदा शुल्कों को कम करने पर भी सहमत हुई है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मौजूदा शुल्कों में कितनी कटौती की जाएगी। इसके बदले चीन अमेरिका के कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाएगा, अमेरिका की कंपनियों को चीन के बाजार की बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगा तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा को मजबूत बनाएगा। समझौते को राष्ट्रपति ट्रंप की अंतिम मंजूरी मिलनी शेष है। हालांकि ट्रंप ने गुरुवार की सुबह ट्वीट किया, ''चीन के साथ व्यापार समझौते के बेहद करीब।

आलिया भट्ट के कारण मुझे अपना नाम बदलना पड़ाः कियारा अडवानी

बॉलिवुड अभिनेत्री कियारा आडवाण का असली नाम आलिया अडवानी है, लेकिन जब कियारा को बॉलिवुड में एंट्री करनी थी तो आलिया भट्ट बहुत बड़ी स्टार बन चुकी थीं, ऐसे में एक और हिरोइन का नाम आलिया होता तो लोग कन्फ्यूज हो जाते। बस यही सोचकर कियारा ने अपना नाम खुद ही बदल लिया। वैसे कियारा के नाम बदलने की कहानी बेहद दिलचस्प है।

आलिया ने अपने नाम बदलने का पूरा किस्सा बताया, मैं हार्ड वर्क, डेस्टिनी और भगवान में विश्वास करती हूं, लेकिन ज्योतिष से जुड़ी किसी बात पर मेरा विश्वास नहीं है। कभी भी मैंने ज्योतिष का प्रयोग नहीं किया है। मैंने जब अपना नाम आलिया अडवानी से कियारा आडवानी किया तब भी किसी तरह के अंक ज्योतिष का प्रयोग नहीं किया था।

कियारा आगे कहती हैं, कई लोगों ने मेरी मां से पूछा कि क्या आप लोगों ने ज्योतिष के हिसाब से नाम बदला तो मां ने कहा कि उन्हें भी यह सब पता नहीं। मैं और मेरा परिवार सिर्फ भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे अपनी कृपा बनाए रखें। पहली बार मैंने कियारा नाम प्रियंका चोपड़ा की फिल्म अंजाना अनजानी में सुना था और यह नाम मुझे इतना पसंद आया कि मैंने सोच लिया था कि जब मेरी बेटी होगी, तो उसका नाम कियारा रखूंगी।

फिर वक्त आया, जब मैं खुद लॉन्च होने जा रही थी, लेकिन आलिया भट्ट पहले से थीं, बहुत बड़ी सुपरस्टार थीं, मुझे लगा अगर इंडस्ट्री में एक जैसे 2 नाम हो जाएंगे तो लोग कन्फ्यूज हो जायेंगे। फिर लोगों को समझाने-बताने के लिए पूरा नाम लेना पड़ता है। मैं चाहती थी कि जब लोग नाम लें कियारा तो उन्हें मेरा सरनेम लगाने की जरूरत न पड़े, वह समझ जाएं कियारा एक ही है। अब मुझे ही मेरा नाम बदलना था तो मैंने सोचा बच्चा न जानें कब आएगा, अभी इस नाम की जरूरत मुझे है और मैंने अपना नामकरण कियारा अडवानी कर लिया।

आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा।

वृषभः- आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है।

मिथुनः- आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे।

कर्कः- आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी।

सिंहः- आज शत्रुजनित षड़यंत्र, लोकपवाद से बचने का प्रयास करें। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः- आज आपके पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अन्तर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी।

वृश्चिकः- आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी।

धनुः- किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रूका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा। इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा।

मकरः- आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

कुंभः- आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, ट्रांसफर का सुखद संयोग भी बन सकता है।

मीनः- आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी कॉम्पटीशन में आपकी जीत हो सकती है।

जिम में अपने साथियों को कड़ी टक्कर देती नजर आईं कैटरीना कैफ

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में कैटरीना ने सबको चौकाकर रख दिया है. अपने इंस्टाग्राम पर कैटरीना ने जिम में एक्सरसाइज करते हुए वीडियो शेयर किया है, जिसे देखकर बॉलीवुड सितारे दंग रह गए हैं. इस वीडियो में कैटरीना जिम में दो लोगों को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं साथ ही उन्होंने अपने ट्रेनर के किसी भी सूरत पर टास्क से हार नहीं मानी है.

कैटरीना ने अपने जिम की

एक के बाद एक तीन वीडियो शेयर की हैं. जिनमें वो जमकर एक्सरसाइज करती दिख रही हैं. कैटरीना अपनी दूसरे वीडियो में जिम करते हुए दो लोगों को कड़ी टक्कर दे रही हैं. इस वीडियो में कैटरीना का अंदाज देखने लायक है. खास बात तो यह है कि एक्सरसाइज के बीच एक बार भी एक्ट्रेस की एनर्जी कहीं कम नहीं लगी.

इस वीडियो में दिख रहा है कैटरीना कितनी फिट हैं और वह दूसरों को फिट रहने के लिए भी प्रेरणा दे रही हैं.फिल्मों के साथ - साथ कैटरीना अपनी फिटनेस को लेकर खूब जानी जाती है.

कैटरीना कैफ के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए नरगिस फाखरी ने लिखा है- जीम. वहीं, फराह खान ने लिखा, मैं बस आपको ही देख रही थी. कैटरीना की इस एनर्जी से श्रद्धा कपूर भी इंप्रेस नजर आईं.

10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रही हैं सुष्मिता सेन

सुष्मिता सेन को बॉलिवुड से दूर हुए 10 साल हो चुके हैं। हालांकि सोशल मीडिया के जरिए वह अपने फैन्स से जुड़ी रहती हैं। सुष्मिता अपने सभी लाइफ इवेंट फैन्स के साथ शेयर करती हैं। वह अक्सर अपनी बेटियों, फैमिली और बॉयफ्रेंड के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

इस बार इस पूर्व मिस यूनिवर्स ने एक और नई अपडेट फैन्स के साथ शेयर की है। सुष्मिता ने घोषणा की है कि वह जल्द ही 10 सालों के लंबे अर्से के बाद फिल्मी पर्दे पर अपनी दूसरी पारी शुरू करने जा रही हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मैं आपके उस प्यार की कद्र करती हूं जिसने इतना धैर्य दिखाया। इस कारण मैं अपने फैन्स की फैन बन गई हूं। उन्होंने स्क्रीन पर मेरी वापसी का 10 साल से ज्यादा इंतजार किया है, मेरे हर कदम पर बिना शर्त मेरा उत्साहवर्धन किया है। मैं केवल आपके लिए वापसी कर रही हूं। जैसे सुष्मिता ने यह घोषणा की, फैन्स ने उन्हें विश करना शुरू कर दिया। कुछ फैन्स इस खबर को सुनकर काफी उत्साहित भी थे कि सुष्मिता बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं।

जानिए अचारी मठरी बनाने की विधि...

आवश्यक सामग्री : -

मैदा - 2 कप, मेथी दाना - 1/4 छोटी चम्मच, पीली सरसों - 1/2 छोटी चम्मच, सौंफ पाउडर - 1 छोटी चम्मच, धनिया पाउडर - 1 छोटी चम्मच, अदरक - 1/2 छोटी चम्मच, जीरा - 1/2 छोटी चम्मच, हींग - 1/2 पिंच, नमक - 1.5 छोटी चम्मच या स्वादानुसार, अमचूर - 1.5 छोटी चम्मच, काली मिर्च - 1/4 छोटी चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2 छोटी चम्मच, हल्दी - 1/4 छोटी चम्मच, अजवायन - 1/4 छोटी चम्मच से कम, तेल - 2 टेबल स्पून (मसाला भूनने के लिए), नींबू - 2, सरसों का तेल - 1/4 कप (आटा गूंथने के लिए), बेसन - 1/2 कप, रिफाइंड तेल - तलने के लिए

बनाने की विधि : -

अचारी मठरी रेसिपी बनाने के लिए सबसे पहले एक बॉउल में मैदा, नमक, अजवायन और तेल डालें, और पानी डालते हुए एक सख्त आटा गूंदे और फिर 15-20 मिनट सेट होने के लिए अलग रख दें। 2. इसके बाद एक कढ़ाही में सभी मसाले काली मिर्च , पीली सरसों,हल्दी,अजवायन को धीमी आंच पर गर्म करें और मिक्सर में डालकर पीसकर अलग रख लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें और फिर बेसन में पहले से पिसे मसालों में नमक, अमचूर पाउडर, ,सौंफ पाउडर और लाल मिर्च पाउडर को डालकर चलाते हुए धीमी आंच पर कुछ देर मिक्स कर लें। इसके बाद तैयार अचारी मसाले में ऊपर से नींबू का रस डालकर मिक्स कर लें। अब पहले से गूंदे हुए आटे को हाथों की मदद से कुछ देर मसल लें और फिर उसकी छोटी छोटी लोईयां तोड़ लें। अब एक एक कर सभी छोटी लोईयों एक एक कर बेलन की मदद से मैदे की पूरी बना लें। इसके बाद लोई को पूरी की तरह बेलें और पहले से तैयार मसाला डालकर ऊपर की ओर उठाते सील बंद करें और हल्के बेलन की मदद से बेल लें। अब कढ़ाही में तेल गर्म करें और फिर एक-एक करके सभी अचारी मठरी को दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। इसके बाद सभी अचारी मठरियों को प्लेट में नैपकीन पर निकालें और एकस्ट्रा ऑयल अलग कर दें।

शब्द सामर्थ्य- 73

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 72 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

सू-दोकू- 73

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.72 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6